Nai Dunia (Indore), 15th April 2023, Naidunia City, Page-III

# आइआइटी के ब्रजेश का संघर्ष काम न आया

इंदौर की टीम अच्छे प्रदर्शन के बावजूद जबलपुर में आयोजित दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में नहीं पहुंच सकी।

रानीताल मैदान में खेले गए मैच में भोपाल ने इंदौर को पांच विकेट से हराया। भोपाल के कप्तान निखिल मेवाड़ा ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण चुना। इंदौर की टीम ने पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की।

आइआइटी इंदौर में पदस्थ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ब्रजेश द्विवेदी ने 30 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके अलावा शैलेष आर्य ने 31 रन और लोकेंद्र आर्य ने 46 रनों का सहयोग देकर टीम का स्कोर 134 रन तक पहुंचाया। छोटे कद के विकेटकीपर वेदांत गुप्ता ने शानदार स्टंपिंग करते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बृजेश को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। भोपाल के गेंदबाज आमिर खान, ब्रजमोहन और अजय ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की टीम ने सधी हुई शुरुआत कर सात ओवर में 92 रन जोड़े। यह टूर्नामेंट की सबसे बड़ी साझेदारी रही। इसमें निखिल मेवाड़ा ने 43 और वेदांत गुप्ता ने 41 रनों का सहयोग दिया।



दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा की विजेता टीम अपनी ट्राफी के साथ। • सौ .आयोजक

## फाइनल मुकाबला रहा एकतरफा

भोपाल संभाग ने बेहतरीन प्रदर्शन के बूते रीवा संभाग को हराकर खिताब जीता। फाइनल मैच में भोपाल ने 20 ओवर में 161 रन बनाए। भोपाल के वेदांत गुप्ता ने 26 रन और निखिल मेवाड़ा ने 46 रन बनाए। जवाब में रीवा की टीम 13 ओवर में मात्र 81 रनों पर सिमट गई। भोपाल के मुकम्मल ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने मात्र 19 रन देकर पांच खिलाड़ियों को आउट किया।